दिन– मंगलवार दिनांक– 11 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः–8.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन करोड़ घरों के निर्माण को मिली मंजूरी।

02. नव गठित केन्द्रीय मंत्री परिषद में विभागों के बंटवारे के बाद खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान और कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह समेत कई मंत्री आज करेंगे कार्यभार ग्रहण।

03. केन्द्र सरकार ने राज्यों को वित्तीय और आर्थिक विकास में सहायता के लिए एक लाख उनचालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की कर राशि जारी की। बिहार को चौदह हजार करोड़ रूपये का हिस्सा मिला।

04. और, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक प्रदेश के दक्षिण–पूर्वी भागों में भीषण गर्मी को लेकर रेड अलर्ट जारी किया। सभी विद्यालय आज से पंद्रह जून तक रहेंगे बंद।

---

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन करोड़ घरों के निर्माण की मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में नवगठित एनडीए सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में इस संबंध में फैसला लिया गया।

–––बाईट–––

केंद्र सरकार पात्र ग्रामीण और शहरी परिवारों को बुनियादी सुविधाओं वाले घरों के निर्माण के लिए सहायता प्रदान करने के लिए वर्ष 2015 से प्रधानमंत्री आवास योजना लागू कर रही है। योजना के तहत पिछले दस वर्षों में पात्र गरीब परिवारों के लिए कुल 4 करोड़ 21 लाख आवास बनाए गये हैं। योजना के तहत निर्मित इन घरों को शौचालय, एलपीजी कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं। दुर्गेस की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से नवीन सक्सेना।

---

नव गठित एनडीए सरकार के केन्द्रीय मंत्रिमंडल में विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह को फिर से रक्षा मंत्रालय दिया गया है। श्री अमित शाह गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री बने रहेंगे। नितिन गडकरी के पास सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय बरकरार रहेगा। जगत प्रकाश नड्डा को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय आवंटित किया गया है। शिवराज सिंह चौहान को कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय का प्रभार दिया गया है।

राष्ट्रपति भवन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि निर्मला सीतारामन को वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय आवंटित किए गए हैं, जबकि डॉक्टर सुब्रमण्यम जयशंकर को विदेश मंत्रालय का प्रभार दिया गया है। अश्विनी वैष्णव को रेल मंत्रालय के साथ–साथ सूचना और प्रसारण मंत्रालय भी आवंटित किया गया है।

———बाईट———

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को आवास और शहरी विकास मंत्री के साथ–साथ ऊर्जा मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गयी है। किरेन रिजिजू को संसदीय कार्य मंत्री और अन्नपूर्णा देवी को महिला विकास मंत्री बनाया गया है। लोचपा रामविलास के नेता चिराग पासवान को खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय का जिम्मा दिया गया है। वहीं ज्योतिरादित्य सिंधिया संचार मंत्रालय का कार्यभार देखेंगे। जेडी(एस) नेता एचडी कुमारस्वामी को भारी उद्योग मंत्री बनाया गया है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्री बनाए गए हैं। सर्बानंद सोनोवाल को जहाजरानी मंत्री जदयू नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को पंचायती राज जबकि प्रह्लाद जोशी उपभोक्ता मंत्रालय का जिम्मा दिया गया है। गिरिराज सिंह कपड़ा मंत्रालय, भूपेन्द्र यादव पर्यावरण मंत्रालय, हरदीप सिंह पुरी पेट्रोलियम और मनसुख मंडाविया नये खेल मंत्री होंगे। डॉ. एल मुरुगन एक बार फिर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाया गया है। दिवाकर आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

केन्द्रीय मंत्री परिषद के कई मंत्री आज अपना पदभार संभालेंगे।

---

केन्द्रीय मंत्रिमंडल में शामिल प्रदेश के आठ मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्रिमंडल में बिहार को दस मंत्रालय दिए गये हैं। केन्द्रीय मंत्रियों में गिरिराज सिंह को कपड़ा, राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को पंचायती राज के अलावा मत्स्य, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। जीतन राम मांझी को सुक्ष्म, लद्यु और मध्यम उद्योग और चिराग पासवान को खाद् संस्करण मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, राज्य मंत्रियों में नित्यानंद राय को एक बार फिर गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाया गया है। तीन अन्य राज्य मंत्रियों में रामनाथ ठाकुर को किसान और कृषि कल्याण, सतीशचंद्र दुबे को कोयला तथा खान भूतत्व और राजभूषण चौधरी को जल संसाधन मंत्रालय का राज्य मंत्री बनाया गया है।

---

पूर्णियां से नव निर्वाचित निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कल नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात कर पार्टी को अपना समर्थन दिया है। इससे पहले पप्पू यादव ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से भी मुलकात की।

---

केंद्र सरकार ने राज्यों को जून महीने के लिए एक लाख उनचालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक कर हिस्सेदारी की धनराशि जारी कर दी है। बिहार को चौदह

हजार करोड़ का हिस्सा मिला है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि यह राशि राज्य सरकारों को विकास और पूंजीगत व्यय में तेजी लाने में सक्षम बनाएगी। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

उत्तर प्रदेश को सबसे अधिक पच्चीस हजार करोड़ से अधिक का हिस्सा मिला, उसके बाद बिहार को चौदह हजार करोड़ से अधिक, मध्य प्रदेश को लगभग ग्यारह हजार करोड़ और पश्चिम बंगाल को दस हजार पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक मिला। इस किस्त के साथ केंद्र ने दस जून दो हजार चौबीस तक राज्यों को दो लाख उनासी हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि हस्तांतरित कर दी है। दो हजार चौबीस—पच्चीस के अंतरिम बजट में राज्यों को करों के हस्तांतरण के लिए लगभग बारह लाख बीस हजार करोड़ रुपये का प्रावधान है। वित्त मंत्रालय ने यह भी कहा है कि नियमित हस्तांतरण के अलावा, जून दो हजार चौबीस में धनराशि की एक अतिरिक्त किस्त जारी की जाएगी।

---

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी—एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने देश भर के मेडिकल प्रवेश परीक्षा—नीट उम्मीदवारों को आश्वासन दिया है कि छह परीक्षा केंद्रों के एक हजार पांच सौ तिरेसठ उम्मीदवारों के परिणामों की दोबारा पूरक अंक समीक्षा के कारण उनकी रैंकिंग प्रभावित नहीं होगी। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के महानिदेशक ने कहा कि मामले की जांच के लिए गठित चार सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

———बाईट———

जो ग्रेसमार्क की अनुसंशा की थी जिसके आधार पर ग्रेसमार्क दिए गए थे। ये कमेटी जो है जो हमने हाई पॉवर कमेटी बनाई है। उस कॉन्सेप्ट को और उसको पूरा परीक्षण करेगी और क्या अच्छा और जो सल्यूसन उसका हो सकता है वह अपना रेकमेंडेशन देगी और उसके आधार पर हम लोग निर्णय लेंगे। जिससे यह 1563 बच्चे हैं उनका भी नुकसान न हो। जो 23 लाख बच्चे पूरे परीक्षा में भाग लिए हैं, उनके मन में भी कोई संशय न रहे कि उनको किसी भी तरह से नुकसान होगा। दोनों पक्ष जिनका टाइम लॉस हुआ है और जो बाकी बच्चे हैं सबके लिए जस्ट एण्ड फेयर डिसीजन हो जाए सल्यूसन निकल आए यह हमारी कोशिश है।

---

बिहार राज्य मदसा शिक्षा बोर्ड ने वस्तानिया आठवीं का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। बोर्ड के सचिव अब्दुल सलाम अंसारी ने बताया कि इस परीक्षा में एक लाख तेईस हजार सात सौ नौ छात्र सफल हुए हैं। इनमें तेरह गैर मुस्लिम छात्र भी शामिल हैं।

---

राजधानी पटना सहित प्रदेश के कई हिस्से भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं। उमस और झुलसाने वाली गर्मी से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान भोजपुर, अरवल, रोहतास बक्सर, औरंगाबाद, नवादा, शेखपुरा और बेगूसराय समेत कई जिलों में अधिकतम

तापमान पैंतालीस डिग्री सेल्सियस और उससे ऊपर दर्ज किया गया। इस अवधि में पैंतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर और भोजपुर प्रदेश के सबसे गर्म स्थान रहे। पटना का अधिकतम तापमान इतालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने अगले बहत्तर घंटों के लिए राज्य के दक्षिण–पूर्वी भागों में कई स्थानों पर भीषण गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान बांका, नालंदा और शेखपुरा सहित कई जिलों में भीषण लू की स्थिति बनी रहेगी।

———बाईट———

इधर, राज्य में लू से सबसे ज्यादा स्कूली बच्चे प्रभावित हुए हैं। पिछले चौबीस घंटों के दौरान भीषण गर्मी के कारण बक्सर, पटना, शेखपुरा और अन्य जिलों में कई छात्र, विशेषकर लड़कियाँ बेहोश हो गईं और बीमार पड़ गईं। हीट स्ट्रोक के कारण कुछ छात्रों की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इधर, स्कूली बच्चों को लू और भीषण गर्मी के प्रभाव से बचाने के लिए शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों को आज से पंद्रह जून तक बंद करने का आदेश दिया है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि इस दौरान शिक्षकों को भी छुट्टी दी गयी है।

---

लू की स्थिति के मद्देनजर आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों को उचित सावधानी और सुरक्षा उपाय बरतने की सलाह दी है। विभाग ने तेज धूप में विशेषकर दोपहर बारह से तीन बजे के बीच लोगों को घर से बाहर जाने से बचने की सलाह दी है। साथ ही पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और उच्च प्रोटीन वाले तथा बासी भोजन नहीं करने की भी सलाह दी गई है। घर से बाहर निकलते समय लोगों से सुरक्षात्मक चशमे, छाता और टोपी का इस्तेमाल करने को कहा गया है।

---

पूर्णियां में तीन दिवसीय राष्ट्रीय मखाना सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिये राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर और कृषि तथा स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने किया। इस सेमिनार में सात राज्यों के दो सौ से अधिक कृषि वैज्ञानिक, मखाना किसान और व्यवसायी भी शामिल हुए।

———————————————————

निगरानी की टीम ने बेगूसराय के भगवानपुर थाना में पदस्थापित एएसआई विनीत कुमार झा को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————

गोपालगंज जिले के नगर थाने की पुलिस ने भितभेरवां गांव में छापेमारी कर साइबर अपराध गिरोह के बारह सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के बरेसर क्षेत्र अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर एक बस और ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि बत्तीस अन्य लोग घायल हो गए। सभी मृतक भोजपुर जिले के रहने वाले थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बस में सवार सभी श्रद्धालु अयोध्या से दर्शन कर लौट रहे थे। इस बीच बस एक खड़े ट्रक से टकरा गई। इधर, हाजीपुर–मुजफ्फरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित भगवानपुर में एक कार और कंटेनर की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए।

———————————————————

पटना में आयोजित की जा रही बिहार महिला कबड्डी के लीग मुकाबले में पटना की टीम ने जीत दर्ज की है। उद्घाटन मुकाबले में पटना पेलिकंस ने सीतामढ़ी सेंटीनल्स को सत्ताईस के मुकाबले बाईस अंक के अंतर से पराजित किया। पटना की गुनगुन चौहान को बेस्ट रेडर और सीतामढ़ी की अंजली कुमारी को बेस्ट डिफेंडर घोषित किया गया। एक अन्य मैच में नालंदा निजांस ने मगध वारियर्स को बाईस–बीस से पराजित किया।

———————————————————

छत्तीसगढ़ के रायपुर में संपन्न सातवीं नेशनल रैकिंग ओपन स्केटिंग चैंपियनशिप में बिहार की राधा कुमारी ने स्वर्ण पदक जीता है।

———————————————————

चीन के झांगझोउ में आयोजित मॉडन पेंटाथलॉन लेजर रन वर्ल्ड चैम्पियनशिप में बिहार के आदित्य आनंद और प्रिंस कुमार ने मिक्स रिले में पदक प्राप्त किया है।

———————————————————

अखबारों की सुर्खियां

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने नव गठित केन्द्रीय मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– नई मोदी सरकार, गृह फिर शाह को, रक्षा राजनाथ के हाथ।

**हिन्दुस्तान** की विशेष खबर है– सैटेलाइट से सीधे कटेगा टोल, ट्रॉयल रहा सफल।

**दैनिक जागरण** लिखता है– रूपौली समेत देशभर की तेरह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव दस जून को।

**दैनिक भास्कर** ने मौसम से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुए लिखा है– गर्मी अब बर्दास्त से बाहर। बच्चों का बुरा हाल, पचास बच्चे स्कूल में हुए बेहोश। एक अन्य खबर में अखबार लिखता है– बकरीद की छुट्टी अठारह जून के बजाय सत्रह जून को होगी।

**राष्ट्रीय सहारा** और **आज** अखबार ने लिखा है– अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र अठारह जून से हो सकता है शुरू।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. केन्द्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन करोड़ घरों के निर्माण को मिली मंजूरी।
02. नव गठित केन्द्रीय मंत्री परिषद में विभागों के बंटवारे के बाद खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान और कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह समेत कई मंत्री आज करेंगे कार्यभार ग्रहण।
03. केन्द्र सरकार ने राज्यों को वित्तीय और आर्थिक विकास में सहायता के लिए एक लाख उनचालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की कर राशि जारी की। बिहार को चौदह हजार करोड़ रूपये का हिस्सा मिला।
04. और, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक प्रदेश के दक्षिण–पूर्वी भागों में भीषण गर्मी को लेकर रेड अलर्ट जारी किया। सभी विद्यालय आज से पंद्रह जून तक रहेंगे बंद।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।